# मोहयाल मित्र

सर्वे भवंतु सुखिनः। सर्वे संतु निरामयाः। सर्वे भद्राणि पश्यंतु मा कश्चित् दुःखभागभवेत्ः।।

## बदलता सिक्ख इतिहास

16 मई 2018 के ''दैनिक जागरण'' में एक समाचार प्रकाशित हुआ है। 'शिरोमणि गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविंद सिंह लौंगोवाल ने 'राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ' पर आरोप लगाया है कि यह संस्था सिक्ख इतिहास को तोड़ मरोड़ कर पेश कर रही है। उनका कहना है कि ''नागपुर से भारती–प्रकाशन द्वारा पुस्तकों में गुरु साहिबान को 'हिन्दु' कहने का प्रयास किया गया है। इससे सिक्खों की भावनाएं आहत हुई है। विवादित पुस्तकों को संघवापिस ले और सिक्खों से माफी माँगे।''

मैं सन् 1945 से राष्ट्रीय स्वयं संघ को जानती हूँ। मेरा ससुराल संघ से जुड़ा था। मेरा देवर डॉ. विश्वमित्र मोहन जम्मू–कश्मीर में कई साल प्रचारक रहे। रा. स्वयं. संघ सांस्कृतिक संस्था है। वह सभी सन्तों–महात्माओं का सम्मान करती है। मुझे आशा है कि इस संस्थानों गुरू–साहिबान के प्रति अभद्र भाषा का प्रयोग नहीं किया होगा। आज़ादी से पूर्व सिक्ख युवक भी संघ की शाखा पर जाते थे।

गुरू–साहिबान हिंदु थे या सिक्ख, इस पर वाद–विवाद नहीं करना चाहिए, और इसे मुद्दा भी नहीं बनाना चाहिए। सन्तों, महात्माओं, गुरू साहिबान को जाति–पाति के दायरे में नहीं लाना चाहिए। वे जनता के हितैषी और समाज के माननीय होते हैं। सहज धारी सिक्खों की आस्था गुरूद्वारा और गुरू ग्रन्थ साहिब में है। शिरोमणि गुरूद्वारा कमेटी के अध्यक्ष के बयान से सहजधारी सिक्खों की भावनाओं को भी ठेस पहुँची है। मैं 'शिरोमणि गुरुद्वारा कमेटी' व अन्य सिक्ख संस्थाओं से कहना चाहती हूँ कि पिछले 50–60 वर्ष से पंजाब में जो साहित्य रचा जा रहा है। उस में हिन्दु अवतारों, हिन्दुओं व ब्राह्मणों पर जो कीचड़ उछाला जा रहा है, उस साहित्य पर जरा नजर डालें और क्षर्यहत्य को आग के हवालें करके दोषी सिक्ख हिन्दुओं से माफी माँगे। भाषा विभाग, पंजाब पटियाला मे तवादीख गुरू खालसा दो भागों में छपी है। इन पुस्तकों में मर्यादा पुरूषोत्तम राम, श्री कृष्ण, देवी माता के विष्य में अभद्र भाषा का प्रयोग किया है। ब्राह्मणों पर अश्लील टिप्पणियां की हैं। मैंने इस बारे में पंजाब के कई मंत्रियों को पत्र लिखे, परन्तु किसी ने उत्तर देने का भी कष्ट नहीं किया।

अतः मुझे –सिक्ख पंथ' पर पुस्तक लिख कर बाँटनी पड़ी। पिछले सप्ताह जो हुआ। सभी लोगों ने सुना होगा। अपनी प्रतिष्ठा के लिए हरियाणा ब्राह्मण समाज जाग्रत हुआ। परन्तु पंजाब में कोई आवाज नहीं उठी। क्योंकि गाँवें में बसे मोहयाल ब्राह्मण (मार्शल कौम) भी स्वयं को ब्राह्मण नहीं कहते। उनके सामने गुरूद्वारों में ग्रंथी ब्राह्मणों को गालियाँ देते हैं और वे चुपचाप सुनते हैं।

बाबा पराग दास छिब्बर की सात पीढ़ियों ने गुरू घर का साथ दिया। वे गुरू परिवारों के सदस्य रहे। सलाहकार रहे, बलिदान दिए। उनका हतिहास बदल दिया गया है। भाई मतिदास को कोई सिक्ख इतिहासकार 'रांगड़' कहता है और कोई लौगोंवाल सिक्ख पंजाब में बनिया व ब्राह्मण लड़यिों के विवाहों पर उनका चरित्र हनन कियाजा जा रहा है। अश्लील गाने गाए जाते हैं। पंजाब सरकार ऐसे गानों पर प्रतिबंध लगाए। हमारी भावनाएँ भी आहत होती है।

***लज्जा देवी मोहन***

*मो. 09671432717*

 For courses in MERIT, visit: http://www.meritlogics.com

PDF compression, OCR, web optimization using a watermarked evaluation copy of CVISION PDFCompressor

# स्थानीय मोहयाल सभाओं की गतिविधियाँ

## बराड़ा

मोहयाल सभा बराड़ा की मासिक बैठक दिनांक 3.06.2018 को सभा के प्रधान स. हरदीप सिंह वैद जी की अध्यक्षता में गायत्री मंत्रोच्चारण व मोहयाली प्रार्थना के बाद भाई लक्ष्मण देव छिब्बर जी के निवास स्थान पर सम्पन्न हुई। भाई लक्ष्मण देव छिब्बर जी का पित्ते का आप्रेशन हुआ, जिसकी वजह से वह कुछ अस्वस्थ चल रहे हैं। सभी ने प्रार्थना की कि वह जल्द से जल्द स्वस्थ हो जाए।

**खुशखबरी-** श्री रजनीश मेहता छिब्बर सुपुत्र स्व. मेहता होरीलाल छिब्बर बराड़ा निवासी ने अपनी हरियाणा पुलिस से





ए.एस.आई. के पद पर वी.आर.एस. ली। श्री रजनीश मेहता छिब्बर व धर्मपत्नी श्रीमती रेखा मेहता छिब्बर ने एक छोटी सी पार्टी का आयोजन 30 अप्रैल 2018 को लंच, और सायंकाल में पौत्र अनहद मेहता (सुपुत्र श्री साहिल मेहता व श्रीमती निधी मेहता) का मुंडन करवाया व माता का जागरण करवाया। सेवानिवृत के अवसर पर मेहता परिवार ने 1000 रुपए जी.एम.एस. को भेंट किए।

**शोक समाचार-** पिछले महीने श्रीमती राजदुलारी वैद धर्मपत्नी स्वर्गीय बंसीलाल वैद (सिम्बला निवासी) का निधन हो गया था। इनकी याद में परिवार ने 100 बराड़ा मोहयाल सभा व 100 रु. जीएमएस को भेंट किए।



सभी सदस्यों ने छिब्बर परिवार का जलपान के लिए धन्यवाद किया।

***रविन्द्र छिब्बर,*** *सेक्रेटरी*
*मो. 9466213488*

## अलवर

मोहयाल सभा अलवर की जून माह की मासिक बैठक 10 जून को कर्नल हिमांशु लौ जी के निवास स्थान पर ग्राम तहनोली किशनगढ़ बास में हुई। मीटिंग के मुख्य अतिथि श्री ओम प्रकाश लौ जी थे। मीटिंग अध्यक्ष श्री राजीव बक्शी जी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिसमें लगभग 21 मोहयाल भाई–बहनों ने भाग लिया।

संरक्षक श्री रोशनलाल बक्शी जी ने कहा आप और हम लोग 60 साल से यहाँ रह रहे हैं। आज तक हम एक दूसरे से नहीं मिल पाए थे लेकिन मोहयाल सभा अलवर की वजह से आप के व हमारे परिवार एक दूसरे से मिल पाए इस लिए मैं मोहयाल सभा अलवर को धन्यवाद देता हूँ और संगठन व आर्थिक मोर्चा की तरफ से ज्यादा ध्यान दें यह निवेदन करता हूँ।

कर्नल हिमांशु लौ ने अभार प्रकट किया कि आज मोहयाल सभा अलवर ने मेरे कहने पर मेरे गाँव आकर मेरे घर पर बैठक रखी। उसके लिए उन्होंने खुशी जाहिर की व सभी का स्वागत किया। कर्नल साहब ने इस बात पर जोर दिया जिस तरह से और बिरादरीयाँ आपस में संगठित रहती है इस प्रकार हमारी संपूर्ण मोहयाल बिरादरी को भी एकजुट होकर रहना चाहिए। उनके द्वारा मोहयाल सभा को 501 रुपए की सहायता राशि प्रदान की गई। कर्नल हिमांशु लौ जी की बहन हिमानी दत्ता व जीजा अरुण दत्ता जी भी इस मीटिंग में शामिल होने दिल्ली से पहुँचे।

मुख्य अतिथि श्री ओम प्रकाश लौ जी ने कहा कि 100 रु. का मासिक कलेक्शन जो मोहयाल सभा कर रही है यह बहुत ही सराहनीय कदम हैं। मैं आप सबसे अपील करता हूँ कि जो घर सक्षम हों उनको अधिक से अधिक राशि सभा को देनी चाहिए। ताकि सभा जल्दी जल्दी अपने कोष को मजबूत कर सके और आने वाले समय में सभा जल्द से जल्द अलवर में भी अपना भवन बना सके। इस बात पर सभी ने उनका ताली बजा कर स्वागत किया।

रायज़ादा असीम बाली जी भी भिवाड़ी से इस मीटिंग में शामिल होने पहुँचे। उन्होंने कहा कि आज बड़ी खुशी की बात है कि आज हम सब लोग काफी समय के बाद मोहयाल सभा अलवर के कारण हम सब एक दूसरे से मिल पा रहे हैं और हमें एक–दूसरे के सुख दुःख में भी शामिल होना चाहिए। उपाध्यक्ष श्री विजय कुमार दत्ता जी ने कहा कि सबको मासिक सहयोगी राशि 100 रुपए सभा को देनी चाहिए इस बात पर उन्होंने ज़ोर दिया व कहा कि हमारी संपूर्ण मोहयाल बिरादरी को आपस में मिल–जुल कर रहना चाहिए। श्री नरेंद्र कुमार दत्ता जी भी भिवाड़ी से पहली बार सभा की मीटिंग में शामिल हुए और उन्होंने भी मुझे मोहयाल सभा अलवर ने अपने साथ जोड़ा इस पर खुशी जाहिर की।

श्री राजीव बक्शी जी ने बताया कि हमारी मोहयाल बिरादरी के वरिष्ठ स्तम्भ सर्वो सबसे अधिक सम्मान प्राप्त ले.जन. ज़ोरावर चंद



PDF compression, OCR, web optimization using a watermarked evaluation copy of CVISION PDFCompressor

बक्शी जी का निधन मई 2018 को हो गया है। उनकी आत्मा की शांति के लिए सभी ने खड़े होकर दो मिनट का मौन रखा।

अध्यक्ष श्री राजीव बक्शी ने बताया कि 'जनरल मोहयाल सभा' के द्वारा मोहयाल आश्रमों हरिद्वार व वृंदावन के कमरों के किराए में अब वृद्धि कर दी गई है, यह सूचना अलवर की संपूर्ण मोहयाल बिरादरी को दी, व जब भी मोहयाल बिरादरी के किसी भी परिवार को वहाँ रुकने के लिए जाना हो तो कम से कम 15 से 20 दिन पहले फ़ोन करके अपना कमरा बुक करवाना चाहिए। अंत में कर्नल साहब के द्वारा सभी के लिए जलपान व दोपहर के लंच की व्यवस्था थी। सभी ने कर्नल साहब को धन्यवाद दिया। अध्यक्ष श्री राजीव बक्शी जी के द्वारा सभा समाप्त की घोषणा की गई।

***राजीव बक्शी,*** *अध्यक्ष*
*मो. 9783301999, 9783302999*

## स्त्री सभा यमुनानगर

स्त्री मोहयाल सभा यमुनानगर की मासिक बैठक श्रीमती बाला मेहता के निवास स्थान पर हुई। मीटिंग की अध्यक्षता श्रीमती कमला दत्ता जी ने की। बैठक में सभी बहिनों ने भाग लिया, गायत्री मंत्र के साथ मीटिंग की कार्यवाही शुरू हुई।

सभी बहनों ने श्रीमती बाला मेहता जी की शादी की 50वीं सालगिरह पर बधाई दी। श्रीमती बाला मेहता जी ने इस मौके पर पार्टी का आयोजन किया।

श्रीमती संगीता दत्ता की बेटी सुरभि दत्ता की शादी होने पर सभी बहनों ने बधाई दी भगवान उनकी जोड़ी को दीर्घायु रखें। श्रीमती बाला मेहता ने अपनी पोती तनीषा मेहता के 12वीं में 91 प्रतिशत नंबर आने पर 250 रुपए सभा को दान दिए। भगवान उसे तरक्की दें।

शांति पाठ के साथ सभा की समाप्ति हुई।

स्त्री मोहयाल सभा की मासिक मीटिंग श्रीमती सूरज वैद के निवास स्थान पर हुई, मीटिंग में सभी बहनों ने भाग लिया, गायत्री मंत्र के साथ मीटिंग की कार्यवाही शुरू हुई। बैठक में बताया गया कि मोहयाल भवन यमुनानगर का निर्माण कार्य प्रगति पर है। सभी बहनों ने रायज़ादा बी.डी. बाली और जीएमएस टीम के सभी सदस्यों की इस कार्य के लिए सराहना की।

मीटिंग में श्रीमती बाला मेहता, श्रीमती प्रवीण बाली, श्रीमती सुनीता दत्ता, श्रीमती प्रेम दत्ता और श्रीमती सुरक्षा मेहता ने अपने विचार रखे।

मीटिंग में श्रीमती सूरज वैद की बहन श्रीमती कमलेश वैद भी (भोपाल) उपस्थित हुई सभी के साथ उन्होंने भी मोहयाल मीटिंग का आनन्द उठाया।

शांति पाठ के साथ सभा समाप्त हुई।

***श्रीमती प्रवीण बाली,*** *सचिव*
*फोनः 01731–226799*

## नजफगढ़–नई दिल्ली

मोहयाल सभा नजफगढ़ की मासिक बैठक 03 जून 2018 को प्रधान श्री शेर जंग बाली की अध्यक्षता में श्री हर्ष दत्ता, सचिव के निवास स्थान (दत्ता प्लाजा, 22 ओल्ड रोशनपुरा, नजफगढ़, नई दिल्ली–110043) में मोहयाल प्रार्थना व गायत्री मंत्रोच्चारण के साथ आरम्भ हुई। जिसमें 17 भाई–बहनों ने भाग लिया। सभा के सचिव श्री हर्ष दत्ता जी ने पिछले माह की कार्यवाही पढ़कर सुनाई। वित्त सचिव श्री बलदेव राज दत्ता जी ने लेखा–जोखा पेश किया। जिसका सब सदस्यों ने अनुमोदन किया।

प्रधान जी ने अनुरोध किया कि बैठक में अधिक से अधिक सदस्य भाग लें ताकि बिरादरी में मेल–जोल बना रहे। सभी ने बढ़िया जलपान के लिए श्री हर्ष दत्ता को धन्यवाद दिया।

मोहयाल सभा नजफगढ़ की अगली बैठक 01 जुलाई 2018 को श्री अनिल कुमार छिब्बर जी के निवास स्थान सिम्मी हाईट, आर जेड–15, सूदन गार्डन, समीप गुरूद्वारा नज़फगढ़ नई दिल्ली में प्रातः 10 बजे होगी। सभी सदस्यों से उपस्थित होने का अनुरोध है।

***शेर जंग बाली,*** *प्रधान* — *मो. 9871756765*
***हर्ष दत्ता,*** *सचिव* — *मो. 9312174583*

## कुरूक्षेत्र

मोहयाल सभा कुरूक्षेत्र की मासिक मीटिंग प्रधान संतोष वैद की अध्यक्षता में उनके निवास स्थान पर हुई। सभा का आरम्भ मोहयाल प्रार्थना से हुआ। प्रधान संतोष वैद जी ने पिछले मीटिंग की कार्यवाही पढ़कर सुनाई तथा सभी ने इसका अनुमोदन किया।

श्री जवाहर लाल दत्ता जी का सभा की मीटिंग में काफी समय के बाद आने पर स्वागत किया गया। प्रधान जी ने जनरल मोहयाल सभा के प्रधान रायज़ादा बी.डी. बाली जी के साथ मोहयाल भवन कुरूक्षेत्र में बनाने पर उनसे जो बात हुई उसके बारे में सबको अवगत कराया। सभा में उपस्थित सभी सदस्यों को मोहयाल डॉक्यूकेंट्री दिखाई गई तथा सभी ने इसकी प्रशंसा की। प्रधान जी ने नारायणगढ़ सभा के प्रधान श्री टी.के. बाली जी की धर्मपत्नी के एक्सीडेंट के बारे में बताया तथा उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के लिए प्रार्थना की गई।

सभा में एकमत से कोई जगह लेने पर विचार हुआ जहाँ पर सभा की मासिक मीटिंग हो सके। सभा में उपस्थित जो बहनें पेंशन ले रही हैं उनको अपने एकाउंट को आधार से लिंक करने के बारे में बताया गया। श्री मोहिन्दर बक्शी व हकीकत राय वैद जी ने प्रधान जी का जलपान के लिए धन्यवाद किया। गायत्री मंत्र के साथ सभा का समापन हुआ।

***संतोष वैद,*** *प्रधान* — *मो. 9813790076*
***मोहिन्दर बक्शी,*** *सचिव* — *मो. 9812134938*


For courses in MERIT, visit: http://www.meritlogics.com

PDF compression, OCR, web optimization using a watermarked evaluation copy of CVISION PDFCompressor

# सिरसा

आज दिनाँक 27.05.2018 को प्रधान जी के निवास स्थान पर मोहयाल सभा आयोजन किया गया। इसमें 18 भाई–बहनों ने भाग लिया। सभा की शुरूआत गायत्री मंत्र और मोहयाल प्रार्थना से हुई।

**शोक समाचारः** प्रधान जी के साढू श्री अशोक कुमार दत्ता का 31. 03.2018 को जम्मू में निधन हो गया। सभा में उनकी आत्मा की शांति के लिए मौन रखा गया।

सभा में विद्‌यार्थियों को आर्थिक सहायता देने की बात कही गई और उनसे फार्म माँगे गए। सभा में विधवाओं और विकलांगों के जीवन प्रमाण–पत्र भरे गए। और जी.एम.एस. को भेजे गए। प्रधान जी ने दो मोहयाल भाईयों के 'मोहयाल मित्र' के फार्म भरे और से अनुरोध किया कि सभी मोहयाल मित्र की एक प्रति मंगवाऐं। सभी ने आपस में एक दूसरे के दुख–सुख बाँटे। मोहयाल सभा सिरसा सुचारू रूप से चले, इसके लिए उन्होंने सभी से निवेदन किया। सभा के चायपान का आयोजन प्रधान जी ने अपने घर पर किया।

सभी मोहयाल भाई–बहनों ने प्रधान मदनलाल दत्ता का इसके लिए धन्यवाद किया।

***मदनलाल दत्ता,*** *प्रधान*
*मो. 8570994004*

# यमुनापार-दिल्ली

मोहयाल सभा यमुनापार की बैठक 3 जून 2018 को मोहयाल भवन (झील कुरेंजा) में श्री सतीश बाली, प्रधान की अध्यक्षता में 29 सदस्यों ने भाग लिया। मोहयाल प्रार्थना के बाद सह–सचिव श्री सी.पी. दत्ता ने मई महीने की रिपोर्ट पढ़कर सुनाई जिसका सभी ने हाथ उठा कर अनुमोदन किया।

**शोक समाचारः** श्रीमती विमला दत्ता (पत्नी स्वर्गीय श्री रतन दत्ता जी) का निधन 21 मई 2018 को उनके निवास स्थान फर्श बाज़ार, शाहदरा दिल्ली में हुआ। स्वर्गीय श्री हरिकृष्ण वैद (झील) की प्रथम बरसी तथा स्व. शीला बाली (धर्मपत्नी स्व. श्री पी.एल. बाली जी) की चवरी पर श्रद्‌धांजलि अर्पित करते हुए दो मिनट का मौन रखा गया।

चौधरी दलीप सिंह दत्ता जी ने भवन में एसी लगने के उपलक्ष्य में अतिरिक्त 2100 रुपए दिए हैं स्वास्थय ठीक न होने के कारण वह स्वयं नहीं आ सके। यह सूचना सचिव संजीव बाली ने सभी को दी, सभी ने दलीप सिंह दत्ता जी का धन्यवाद दिया और उनके स्वस्थ–लाभ की कामनाएँ की। तदुपरान्त श्री आर.के. मोहन, श्री चंद्रमोन छिब्बर और स्वयं प्रधान श्री सतीश बाली जी ने विधिवत रूप से भवन में लगे दोनो एसी का रिमोर्ट द्‌वारा उद्‌घाटन किया। श्री एस.एस. मोहन जी ने बताया कि जीएमएस को भी यह सूचना पहुँचायी है और सभी ने स्वागत किया हैं। उपस्थित सदस्यों ने हर्षध्वनि से स्वागत किया।

प्रधान सतीश बाली जी ने बताया कि सभा ने जीएमएस को मोहयाल भवन यमुनानगर के निर्माण में सहयोग हेतु 31000 रुपए का चेक दिया है। आगे भी हम मोहयाल रत्न रायज़ादा बी.डी. बाली जी को पूर्ण सहयोग देते रहेंगे।

भवन का नवीनीकरण अगला कार्यक्रम है जिसपर कार्यकारिणी लगातार विचार कर रही है श्री आर.के. मोहन जी (नवीन शाहदरा) ने बताया कि सभा को भवन नवीनीकरण पर एक विस्तृत कार्यक्रम बनाना होगा जिसे छोटे–छोटे बजट में बाँटा जाए और पूरा किया जाए। उपप्रधान श्री श्याम सुन्दर मोहन जी ने इसमें अपनी सहमति जताई। डॉ. श्री वी.एस. लौ ने कहा कि हमें सोचना है कि हमें कितना नवीनीकरण करना है और उसका उपयोग क्या होगा। जल्द ही भवन–वास्तुकार को बुलाया जाएगा और उचित सलाह ली जाएगी।

श्री मुकेश मोहन जी ने सूचना दी कि उनकी पुत्री गरिमा मोहन ने 10वीं कक्षा में 88 प्रतिशत अंक अर्जित किए हैं। इस अवसर पर मुकेश मोहन जी ने सभी का मिष्ठान द्‌वारा मुँह मीठा करवाया। सबने ने बिटिया की भूरि–भूरि प्रशंसा की और शुभकामनाएँ दीं।

अनमोल मेहता पुत्र श्री अनिल वैद ने 12वीं कक्षा में 80 प्रतिशत अंक अर्जित किए हैं। श्री चंद्रमोहन छिब्बर जी ने अपनी "देहदान" करने के निर्णय से सभा सदस्यों को अवगत करवाया।

श्री गुलशन छिब्बर जी ने बताया कि उनके द्‌वारा सुझाए रिश्तों से पिछले दिनों दो विवाह संपन्न हुए सभी ने इस पर अपनी खुशी जताई।

श्री नीरज वैद (पुत्र स्वर्गीय श्री राजिन्द्र वैद जी) और श्री उमेश बाली (पुत्र–स्वर्गीय श्री पी.एल. बाली) आज मीटिंग में उपस्थित हुए सभी ने उनका स्वागत किया।

प्रधान श्री सतीश बाली ने बताया कि सह भवन प्रबंधक और सह कोषाध्यक्ष की घोषणा जल्द की जाएगी।

भेंट राशिः सर्वश्री रमेश दत्ता, नरेश दत्ता ने 1000 रुपए स्वर्गीय श्रीमती बिमला दत्ता जी के स्वर्गवास पर। दलीप सिंह दत्ता ने 500 रु. और 2110 रुपए, नीरज वैद (पुत्र–स्व. श्री राजिन्द्र वैद) ने 1000 रुपए, विजय स्वरूप लौ ने 1000 रु., उमेश बाली (पुत्र स्व. श्री पी. एल. बाली) 1000 रु. व 500 रुपए, सतीश बाली 500 रु., स्टैंडर्ड फर्नीचर (बृज शर्मा) 500 रु., मेहता इंद्र मोहन लौ 1000 रुपए और संजीव बाली ने 500 रुपए।

अंत में चाय–पान के उपरांत, प्रधान सतीश बाली जी ने सभी का धन्यवाद किया।

***संजीव बाली,*** *सचिव* — ***सी.पी. दत्ता,*** *सहसचिव*
*मो. 9811758418* — *मो. 011–22532481*

# अंबाला छावनी

दिनांक 6.05.2018 सायं 5 बजे, 104 दयालबाग निवास स्थान श्री धर्मेंद्र वैद जी का, जिसमें दस मोहयाल सदस्यों ने भाग लिया। सभा प्रधान श्री नरेश वैद जी ने मीटिंग की अगुवाई की। मोहयाल प्रार्थना व गायत्रीमंत्रोच्चारण बाद, निम्न दिवंगत मोहयालों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रख कर प्रभु से प्रार्थना की।

(क) स्व. श्री कुलदीप लाल मेहता निवासी 90 गोल्डन पार्क अंबाला कैंट इनकी क्रिया–रस्म पगड़ी 19.04.2018 को महेश नगर नागरिक सदन में हुई। जिसमें काफी मोहयाल बिरादरी तथा लोकल भाई बहनों ने हिस्सा लिया। वह श्री आई.आर. छिब्बर जी के भानजे थे।


For courses in MERIT, visit: http://www.meritlogics.com

PDF compression, OCR, web optimization using a watermarked evaluation copy of CVISION PDFCompressor

(ख) श्री रजेश मोहन निवासी अमृतसर जो कि श्री धर्मवीर बाली जी के नजदीकी रिश्तेदार थे उनकी क्रिया रस्म–पगड़ी अमृतसर में 5.05.2018 को हुई।

प्रधान जी ने सदस्यों सहित मई महीने में आने वाले मोहयाल भाई–बहनों के जन्म–दिन तथा शादी की वर्षगांइ पर शुभकामनाएं व बधाई दी।

डिप्टी कमां. (रिटा.) श्री पी.आर मेहता का जन्मदिन 14 मई को पड़ता है उन्होंने सभी मोहयाल भाई बहनों व बच्चों को उनके निवास स्थान पर 14 मई को निमंत्रण दिया। उन्होंने इस अवसर पर लोकल सभा को 500 रु. भेंट किए।

श्री एम.एल. दत्ता जी का जन्म–दिन भी 15 मई को पड़ता है। सदस्यों ने तालियों के साथ अभिनंदन किया। एचएफओ एम.एम. दत्ता जी ने 251 रु. लोकल सभा तथा 251 रु. जीएमएस को भेंट किए। श्री पी.आर मेहता जी ने आग्रह किया कि युवा पीढ़ी को अधिक से अधिक आगे आना चाहिए तथा मोहयाल संस्थाओं की जिम्मेवारी को उठाए। आज हमारी मोहयालियत हमारे पूर्वजों के कठिन परिश्रम, बलिदान व उनके आशीर्वाद का परिणाम अतः हम उन्हें नमन् करना चाहिए। हमें आपसी प्रेम भाव तथा भाईचारे का संदेश पूरे समाज में सिद्ध करके दिखाना है। जरूरत पड़ने पर एक दूसरे के काम आना चाहिए। श्री धर्मेंद्र वैद जी ने पिछले माह की मीटिंग की कार्यवाही पढ़कर सुनाई तथा सबने अनुमोदन किया।

सदन को अवगत कराया गया कि प्रधान श्री नरेश वैद जी के निवास स्थान पर 4 मई 2018 सुबह 11 बजे जी.एम.एस. प्रधान आदरणीय रायज़ादा बी.डी. बाली जी द्वारा मनोनीत विशेष महिला टीम श्रीमती सुनीता मेहता की अगुवाई में सभा में पहुंचे उनका जय मोहयाल के नारों से स्वागत किया गया। इस दौरे का विशेषतय मकसद अंबाला कैंट एरिया की **विधवा** बहनों के साथ परस्पर मेल–मिलाप, विचार बाँटना, उनकी समस्याओं का जायज़ा लेना तथा उनका निवारण–उपाय कैसे हो सकता है। श्रीमती सुनीता मेहता जी ने प्रत्येक उपस्थित **विधवा** महिला से एक–एक करके निःसंकोच बड़े धैर्यपूर्वक बात की तथा उनकी समस्याओं को सुना तथा उन्हें नोट किया ताकि जी.एम.एस को अवगत कराया जा सके। साथ ही सब विधवाओं ने हिन्दी में जीएमएस से आए फीडबैक फार्म भरकर हस्ताक्षर किए।

महासचिव श्री एम.एल. दत्ता जी ने कुछ सुझाव दिए जिन्हें टीम ने नोट किया: (क) लोकल सभा द्वारा जी.एम.एस को भेजे गए **विधवा** आर्थिक निवेदन पत्रों का कोई फीडबैक नहीं आता, कितने निवेदन पत्र स्वीकार हुए हैं और जो नहीं हुए उन्हें त्रुटी के साथ वापिस भेजें ताकि उसे ठीक करके शीघ्र जीएमएस भेजा जा सके।

(ख) श्रीमती स्नेह लता की आर्थिक स्थिति तथा उसकी **विधवा** सहायता/पेंशन पर गौर किया जाए। उसे 2017–18 में आर्थिक सहायता नहीं मिली।

(ग) अस्सी वर्ष से ऊपर बृद्ध विधवाओं को एक हज़ार से बढ़ा कर आर्थिक सहायता देने पर विचार किया जाए।

अंत में सदस्यों ने श्री धर्मेंद्र वैद तथा श्रीमती सरिता उनके बेटे ज्यंत वैद का भव्य स्वागत के लिए धन्यवाद किया।

**भेंट राशि:** श्री पी.आर. मेहता 500 रु., श्री धर्मेंद्र वैद 500 रु. श्री सुरेंद्र दत्ता 500 रु., श्री नरेश वैद 200 रु., श्री एम.एल. दत्ता जी ने 251 रु., लोकल सभा को भेंट किए। 251 रुपए श्री एम.एल. दत्ता जी ने जी.एम.एस. को भी भेंट किए। साथ ही अपने निवास स्थान अगली मीटिंग करने का आग्रह किया। जय मोहयाल के नारों के साथ सभा समाप्त हुई।

***नरेश वैद,*** *प्रधान* — *मो. 9416754889*

***एचएफओ एम.एल. दत्ता,*** *महासचिव* — *मो. 9896102843*

## प्रेमनगर–देहरादून

सभा की मासिक बैठक दिनांक 27.05.2018 को श्री दिलीप छिब्बर एवं श्रीमती नीरू छिब्बर के निवास स्थान पर हुई। बैठक में 15 सदस्यों ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता श्री डी.एन. दत्ता (प्रधान) जी ने की। गायत्री मंत्र के बाद बैठक की कार्यवाही आरम्भ की गई। श्री राजेश बाली (सचिव) अपने सुपुत्र श्री गौरव बाली का विवाह जो कि 8 मई को सम्पन्न हुई जिस कारण वह व्यस्त होने के कारण मीटिंग में उपस्थित नहीं हो सके।

श्री रिंकू बाली, श्रीमती अनिका बाली तथा अविश बाली जो कि गुड़गाँव से आए है सभी का स्वागत कियाा गया।

श्री जे.एस. दत्ता जी ने अस्वस्थता के कारण अपने पद से कार्यमुक्त होने की इच्छा जताई, जिस पर प्रधान जी तथा अन्य सदस्यों ने इस पर अगली मीटिंग में विचार करने की बात कही। श्री चेतन बाली जी ने सुझाव दिया अगले माह में सभा द्वारा एक गेट–टू–गैदर का आयोजन किया जाए इसका सभी ने स्वागत किया। मीटिंग में उपस्थिति बढ़ाने पर भी विचार किया तथा सदस्यों को घर–घर जा कर मिला जाए।

श्री दिलीप छिब्बर एवं श्रीमती नीरू छिब्बर की बेटी इन्टरमीडिएट मे 70 प्रतिशत अंकों से सफलता प्राप्त की सभी ने श्रीमती नीरू छिब्बर को बधाई दी तथा उन्होंने सभा को 500 रु. भेंट किए। छिब्बर परिवार द्वारा स्वादिष्ट भोज का सभी ने आनन्द लिया।

श्री जे.एस. दत्ता ने सभा को सूचित किया कि सभा की अगली मीटिंग में राजेश बाली सचिव के निवास स्थान पर 24 जून 2018 को होगी।

***जे.एस. दत्ता,*** *कार्यवाहक सचिव*
*मो. 8979777026*

## जगाधरी वर्कशॉप

मोहयाल सभा जगाधरी वर्कशॉप की मासिक बैठक 3 जून को प्रधान सतपाल दत्ता की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसमें सर्वप्रथम मोहयाल प्रार्थना की गई। इस बैठक में नए सदस्यों ने भी भारी संख्या में भाग लिया जिसका सभा के सदस्यों ने जोरदार स्वागत किया। विजय मेहता वैद व उनकी पत्नी भावना मेहता वैद के साथ–साथ ज्योति छिब्बर, प्रवीण लता बाली, उनकी टीम के सदस्यों ने मीटिंग में भाग लिया।

बैठक में सभा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष नरेश मेहता, राजेंद्र बाली, अशोक बाली एडवोकेट, अश्विनी बाली कोषाध्यक्ष, विकास छिब्बर ने


For courses in MERIT, visit: http://www.meritlogics.com

PDF compression, OCR, web optimization using a watermarked evaluation copy of CVISION PDFCompressor

अपने—अपने विचार व्यक्त किए। बाद में विजय मेहता का जलपान के लिए धन्यवाद किया गया।

**सुरेन्द्र मेहता छिब्बर,** *महासचिव*
*मो. 9355310880*

## देहरादून

मोहयाल सभा देहरादून की मासिक बैठक 6 मई 2018 को मोहयाल स्कूल देहरादून में प्रधान श्री राजेश चौहान जी की अध्यक्षता में हुई। सर्वप्रथम मोहयाल प्रार्थना व गायत्री मंत्र का पाठ किया।

सबने एक दूसरे के परिवार की कुशल मंगल के विषय में बात की। आर्थिक रूप से कमजोर है उनकी सहायता कैसे की जाए। एम.एम. मेहता ने बताया कि गाँधी ग्राम देहरादून में श्रीमती वीरा वैद रहती है। वह बहुत वृद्ध भी है और साथ में विधवा भी है। हम कैसे मदद करें। हमने तुरन्त 500 रु. की मदद की व आगे भी हर महीने ऐसी मदद करने का आश्वासन दिया। हम हर महीने अन्य विधवाओं और अन्य विकलांग की आर्थिक रूप से मदद करेंगे।

श्री राजेश मोहन जी ने पोती के जन्मदिवस पर मोहयाल सभा को 1000 रु. भेंट किए। एम.एम. मेहता ने 500 रु. की राशि सभा को प्रदान की।

अंत में जलपान किया गया। गायत्री मंत्र व जय मोहयाल का उद्घोष व भारत माता की जय व भारत के शहीदों की जय के साथ सभा का समापन हुआ।

**राजेश मोहन,** *प्रधान*
*मो. 9358311454*

**जे.के. दत्ता,** *सचिव*
*मो. 9411192900*

## होशियारपुर



मोहयाल सभा होशियारपुर की ओर से प्रधान श्री श्याम सुन्दर दत्ता जी की अध्यक्षता में पाँच सदस्यों की एक टीम नंगल खुर्द महिलपुर में महासती दादी माँ जठेरे बाली प्रसाद के सालाना मेले के अवसर पर गए। वहाँ उपस्थित मोहयाल भाई बहनों को मोहयाल सभा होशियारपुर तथा जनरल मोहयाल सभा दिल्ली के बारे में जानकारी दी। इस मेले का आयोजन बाली परिवारों द्वारा हर वर्ष करवाया जाता है। इस अवसर पर ओंकार बाली, मनोज दत्ता, दिनेश दत्ता, शशपिन्द्र बाली, प्रधान श्याम सुन्दर दत्ता तथा पवन मेहता ने लोगों को सम्बोधित किया तथा मोहयाल सेंसस के फार्म भरवाए। इस मेले में बाली परिवारों के लोग दूर—दूर आकर माथा टेकते हैं। इस अवसर पर विजयंत बाली, निखिल बाली परिवार सहित उपस्थित हुए।

**मनोज दत्ता**
*मो. 9463766261*

## विवाह की सिल्वर जुबली

श्री आदित्य राज दत्ता एवम् श्रीमती प्रतिभा दत्ता (निवासी रामप्रस्थ, गाजियाबाद) की शादी की पच्चीसवीं वर्षगाँठ 23 मई को बहुत धूमधाम से मनाई गई। 22 मई को मेंहदी का



कार्यक्रम होटल सैन्ट्रल पार्क में रखा गया। 23 तारीख का मुख्य आयोजन पाँच सितारा होटल रैडीसन ब्लू कौशाम्बी में रखा गया। जिसमें परिवार के सदस्यों एवम् मित्रों ने खुले दिल से नृत्य द्वारा खुशी का इज़हार किया। देर रात तक चली इस पार्टी को उनकी पुत्रियों युक्ति दत्ता एवम् मोहित दत्ता ने सहृदय से अपनी मेजबानी द्वारा सभी को आनंदित किया। ईश्वर से प्रार्थना है कि ये युगल जोड़ी इसी तरह यह खुशी के पल हर साल मनाती रहे। इस शुभअवसर 1100 रुपए जीएमएस को भेंट किए। *आदित्य राज दत्ता, 9871207026*

*शुभकामनाओं सहित*

***श्री जगमोहन छिब्बर एवं गायत्री छिब्बर,***
*जी—141, फरीदाबाद, मो. 9310220799, 9811286810*

**मोहयाल मित्र में रचनाएँ भेजने के पश्चात् प्रकाशन के लिए दो माह तक प्रतिक्षा करें। इसके पश्चात् ही कार्यालय से संपर्क करें। कृपया समस्त रचनाएँ-रिपोर्ट साफ-साफ लिखें जिन्हें पढ़ा जा सके। पोस्ट कार्ड या छोटे-छोटे कागज के टुकड़ों पर लिखकर रचनाएँ न भेजें। ई-मेल से भेजी रचनाएँ और रिपोर्ट साफ-साफ लिख कर भेजें। नहीं तो छप नहीं पाएगी।**



PDF compression, OCR, web optimization using a watermarked evaluation copy of CVISION PDFCompressor

## रायज़ादा बी.डी. बाली के निर्देश पर यमुनानगर पहुँची जी.एम.एस. महिला विंग टीम



जी.एम.एस. दिल्ली की तरफ से महिला विंग की सचिव सुनीता मेहता व अंजू दत्ता की टीम का यमुनानगर एवं जगाधरी वर्कशॉप मोहयाल सभा द्वारा स्वागत किया गया। रायज़ादा बी. डी. बाली के मार्गदर्शन में पहुँची यह टीम यमुनानगर जिला की विधवाओं से मिली। करीब दो दर्जन से अधिक महिलाओं से इस टीम ने व्यक्तिगत रूप से बातचीत की और उनके परिवार एवं आर्थिक स्थिति के बारे में जानकारी हासिल की। इस टीम ने यह भी जानना चाहा की भविष्य में यह विधवाएं कोई कार्य करना चाहती हैं जिसके लिए उन्हें आर्थिक सहायता चाहिए।

मोहयाल सभा यमुनानगर के प्रधान विपिन मोहन, जगाधरी वर्कशॉप मोहयाल सभा के प्रधान सतपाल दत्ता, पूर्व प्रधान दर्शन लाल बाली, महासचिव सुरेंद्र मेहता छिब्बर, सभा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष नरेश मेहता, राजिंदर बाली, उपाध्यक्ष सुरेंदर मेहता, यमुनानगर महासभा के सचिव एडवोकेट मोहित छिब्बर इस टीम का स्वागत किया। यमुनानगर के मॉडर्न कॉलोनी स्थित शांति निकेतन स्कूल में आयोजित इस कार्यक्रम में महिला विंग की सचिव सुनीता मेहता ने बारी–बारी से महिलाओं से बातचीत की। उन्होंने जानकारी दी कि जी.एम.एस द्वारा लगभग 500 विधवाओं को हर महीने सहायता राशि दी जाती है जबकि 500 से अधिक युवाओं को सभा द्वारा सहायता राशि दी जाती है।

इस अवसर पर यमुनानगर मोहयाल सभा के प्रधान विपिन मोहन मेहता ने बताया आर्थिकक रूप से कमजोर लोगों को मेडिकल सहायता भी प्रदान की जाती है। उन्होंने बताया कि जीएमएस के अंतर्गत 1890 ट्रस्ट बने हुए हैं जबकि पिछले 125 वर्षों में इस पैसे का किसी तरह से प्रयोग नहीं किया जाता बल्कि इस पैसे के ब्याज का इस्तेमाल करके विभिन्न कार्यक्रम व योजनाएं चलाई जाती हैं।

जगाधरी वर्कशॉप महासभा के पूर्व प्रधान दर्शनलाल बाली ने यमुनानगर में बन रहे मोहयाल भवन के लिए अपने 30 जून को जन्मदिवस पर 51000 रुपए की राशि देने की घोषणा की। जिसका मोहयाल सभा यमुनानगर के प्रधान विपिन मोहन ने स्वागत किया।

***सुरेन्द्र मेहता छिब्बर,*** *महासचिव, मो. 9355310880*

## अथर्व का मुंडन संस्कार

दिनांक 13.04.2018 बैसाखी पर हमारे निवास स्थान पर बड़े हर्षोल्लास के साथ अथर्व का मुंडन संस्कार का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। जिसमें सभी दादके व नानके, रिश्तेदारों एवं मित्रों की उपस्थिति में अथर्व का चूड़ाकर्म हुआ। आर्य समाज ताजगंज द्वारा वैदिक यज्ञ सम्पन्न कराया गया। स्वल्पाहार एवं प्रीतिभोज की व्यवस्था दत्ता परिवार द्वारा श्री हनुमान मन्दिर ताजगंज में की गई। इस अवसर पर फरीदाबाद से दादीबुआ श्रीमती रानी देवी परिवार सहित, मन्नू वैद व सुभाष वैद, प्रमोद दत्ता व श्रीमती गुलशन मेहता सपरिवार, श्रीमती अमिता बाली, अरूण बाली बूआ–फूफा दिल्ली से, श्रीमती आशा मेहता, श्रीमती सुदेश मेहता भी सपरिवार, प्रदीप दत्ता, उदित दत्ता (राजू भाई) दिल्ली से पधारे। उपस्थित सभी लोगों ने अथर्व की लंबी आयु एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की व आशीर्वाद प्रदान किया।



इस उपलक्ष में अथर्व के दादी–दादा श्रीमती सुमन दत्ता व सूरज प्रकाश दत्ता (सचिव मोहयाल सभा आगरा) द्वारा लोकल सभा को 251 रु. व जी.एम.एस को 251 रु. शिक्षा फंड में प्रदान किए।

अथर्व के माता–पिता श्रीमती शिल्पी दत्ता एवं अमित दत्ता, बहन सारा दत्ता (पीहू), डैडी श्री सत्यप्रकाश दत्ता व धीरज, पूजा आन्या ने सबका स्वागत किया एवं आगमन के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

***अमित दत्ता एवं शिल्पी दत्ता,*** *2/11, सिड़डी गेट ताजमहल, ताजगंज, आगरा, मो. 9917104777*

## श्री राजेश दत्ता सुरक्षा प्रहरी बने

आप सभी को जानकर अति हर्ष होगा मानव अधिकार सामाजिक सुरक्षा प्रहरी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री बृजेश सिंह चौहान के द्वारा राजेश कुमार दत्ता जी को मानव अधिकार सामाजिक सुरक्षा प्रहरी का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। साथ ही श्री गिरिराज बाली को जिला महासचिव बनाया गया है। समस्त बिरादरी द्वारा बहुत–बहुत बधाई दी गई। मानव अधिकारों का हनन रोकने के लिए एवं भ्रष्टाचार का खात्मा करने के लिए महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई हैं।

वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री दलजीत सिंह बाली, बिरादरी जिला महासचिव राजेश कुमार दत्ता (मो. 8239022878)।

 For courses in MERIT, visit: http://www.meritlogics.com

PDF compression, OCR, web optimization using a watermarked evaluation copy of CVISION PDFCompressor

# अंतिम यात्रा

## श्रीमती उमा कुमारी मेहता


श्रीमती उमा कुमारी मेहता पत्नी स्व. श्री जानकी नाथ मेहता (भीमवाल) का स्वर्गवास 25 मार्च 2018 दिन रामनवमी को राम नगर, कृष्ण नगर, यमुनापार दिल्ली में हो गया। वह धार्मिक विचारों वाली महिला थी वह सेवानिवृत सरकारी कर्मचारी थी। अपनी नौकरी के दौरान उन्होंने कई जरूरतमंदों की सहायता की तथा अपने परिश्रम से कई विधवाओं की सरकारी पेंशन लगवाने में योगदान दिया वह अपने पीछे दो बेटियाँ और उनकी पुत्रियाँ छोड़ गई है। पूरा परिवार उनकी स्नेहमयी यादों के साथ–साथ उनकी आत्मा की शांति की प्रार्थना करते हैं। ऊँ शाँति–शाँति!



## बक्शी गुलबीर सिंह छिब्बर

**(15.08.1948–21.05.2018)**

बक्शी गुलबीर सिंह छिब्बर हेड कान्सटेबल रिटायर्ड पंजाब पुलिस जी का देहवसान दिनांक 21.05.2018 को उनके निवास स्थान बी–34/10694 हकीकत नगर नजदीक हैबो वाल कलां जिला लुधियाना पंजाब में हो गया। उनकी रस्म–पगड़ी उनके निवास स्थान पर 31.05.2018 को थी, इसमें बड़ी संख्या में रिश्तेदारों, मित्रगणों एवं मोहयाल बिरादरी के सदस्यों ने भाग लिया।




बक्शी गुलबीर सिंह जी का जन्म 15.08.1948 को स्व. श्री चुनी लाल जी छिब्बर एवं माता श्रीमती स्व. कृष्णावंती छिब्बर (पूर्व निवासी भल्ला करियाला) के घर जगराओं पंजाब में हुआ।

उनके शोकाकुल परिवार में धर्मपत्नी श्रीमती सुरेष्टा छिब्बर सुपुत्री (स्व. श्री देसराज जी दत्ता एवं स्व. श्रीमती कृष्णा बाई जी दत्ता), श्री प्रमोद कुमार छिब्बर एवं श्रीमती ज्योतरना छिब्बर पुत्र एवं पुत्र बधु, कुमद कुमार छिब्बर एवं रुचि छिब्बर, अनुराग छिब्बर, हार्दिक छिब्बर पौत्र, भूमिका छिब्बर पौत्री, कुमारी उवर्शी छिब्बर, श्रीमती संगीता दत्ता, राजीव दत्ता पुत्रीयां एवं दामाद, मा. तानुष, मा. नीषम दत्ता दोहते हैं। भाई बलबीर छिब्बर, आशा छिब्बर, श्री राजपाल छिब्बर, श्री जगमोहन छिब्बर, श्रीमती देवी छिब्बर जी की भगवान से प्रार्थना है कि बक्शी गुलबीर सिंह छिब्बर जी की आत्मा को अपने चरणों में वास प्रदान करें। परिवार की तरफ से जी.एम.एस. को 250 रु. की राशि भेंट की है।

## श्री चमन लाल दत्ता

श्री चमनलाल दत्ता सुपुत्र स्व. श्री रामलाल दत्ता (हरिपुर हज़ारा) का देहान्त 82 वर्ष की आयु में 10 मई 2018 दिल्ली में बेटी पूनम वैद (भोली) के घर पर हुआ। वे मोहयाल सभा उत्तम नगर के आजीवन सदस्य थे। पूरा परिवार जीएमएस का आजीवन सदस्य हैं। वे सनातन धर्मी थे धर्मापदेशक थे। रेलवे से सेवानिवृत हुए थे। परिवार की ओर से 500 रु. जीएमएस को दान दिए।



वे अपने पीछे–बेटा दीपक दत्ता बहू प्रिया दत्ता दोहता नमन, महक, 'दोहती' नेहा–मैना को रोते छोड़ गए हैं। उनकी धर्मपत्नी रमा दत्ता मोहयाल सभा हरिनगर उत्तम नगर की कोषाध्यक्ष हैं। ईश्वर आपकी आत्मा को शांति दें।

***दीपक दत्ता (बेटा)***     ***सी.पी. दत्ता (छोटा भाई)***

*मो.स. यमुनापार*

### इन्हें अजमाएँ

1. खड़े होकर पानी पीने से घुटनों का रोग होता है। पानी हमेशा बैठकर पीना चाहिए।
2. किसी प्रकार का दर्द हो, एक गिलास कोसा पानी पी लें।
3. संतरे के छिलके सुखाकर पाउडर बनाएँ। इसमें दूध मिलाकर पेस्ट बना लें। पाँवों पर पड़े धब्बों पर लगाकर सूखने दें। सूख जाने पर पोंछ दें। सप्ताह में तीन बार ऐसा करें। पैरों का कालापन–धब्बे मिट जाएँगे।
4. अनार के छिलके सुखा लें। पाउडर बनाकर दही मिलाएँ। सिर पर लगाएँ। बाल चमकदार मुलायम हो जाएँगे।
5. तनाव से बचने के लिए खूब हँसें। कुढ़ना छोड़ें। संगीत सुनें। जीवन का आनंद लें। निंदा करना छोड़ें। सबके कल्याण की कामना करें।


For courses in MERIT, visit: http://www.meritlogics.com

PDF compression, OCR, web optimization using a watermarked evaluation copy of CVISION PDFCompressor

# PRATIBHASHALEE MOHYAL VIDYARTHEE SAMMAN –2018

***Classes Secondary (Class X) and Sr. Secondary (Class XII)***
***(Only for Mohyal Students)***

**Eligibilty: 85% and above** **Last Date: 25th September 2018**

1. Name: ............................................................... **(Caste– Bali, Bhimwal, Chhibber, Dutta, Lau, Mohan, Vaid)**
2. Mother's Name: ..........................................................................................................................
3. Father's Name: ................................................................................ (Caste .....................................)
4. Date of Birth: .................................................................................. (Class passed ........................)
5. Residential Address: ............................................................................................................

   ..............................................................................................................................

   Mobile No. .......................................................... Phone No. ........................................

   E-mail: ..............................................................................................................
6. Name and address of School: .........................................................................................................

   ..............................................................................................................................

**7. Marks / Grades in Five compulsory subjects**

| Subject | Marks / Grades |
|---|---|
| 1 | |
| 2 | |
| 3 | |
| 4 | |
| 5 | |
| Total Marks ...................... | Percentage ...................... |

.....................................
**Signature of Student**

.................................................................
**Signature of Mother/Father/Guardian**

## Attach with Form:

1. Attested marks sheet - 2018 Board Examination
2. Three latest passport size colour photographs, (not in school uniform).
   Write Name, Address and Mobile No. on the back of the photograph.

## Send Form at the following address:

**Dr. Ashok Lav, Convenor, Pratibhashalee Mohyal Vidyarthee Samman, General Mohyal Sabha, A-9, Qutab Institutional Area, USO Road, Jeet Singh Marg, New Delhi-110067.**
**Ph.: 011-26560456, 26561504, 41783232**

(a) You can send forms also through Local Mohyal Sabhas.

(b) Only Mohyal Students with caste– Bali, Bhimwal, Chhibber, Dutta, Lau, Mohan, Vaid are eligible.


For courses in MERIT, visit: http://www.meritlogics.com

PDF compression, OCR, web optimization using a watermarked evaluation copy of CVISION PDFCompressor